2020/00249

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
श्री डॉ. पी.एम. सिंहदेव पुत्र श्री जी.रामचन्द्र मीना जाति मीना निवासी 7 / 8 गीता विहार हरी मार्ग जगतपुरा जयपुर जिला जयपुर		सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 51 वर्ष 2020

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
21.08.2020	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी को दिनॉक 19.06.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि मौजा सिरोही के खसरा नं. 618 / 1 / 1, 622 / 1, 623, 624 / 1, 760, 761, 763, 764 / 1, 770 / 1 कुल कित्ता 9 रकबा 57 बीघा 9 बिस्वा की गिरदावरी एवं खातेदारी व अधिग्रहण के सम्बन्ध में सूचना संबंधित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी को दिनॉक 19.06.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया मौजा सिरोही के खसरा नं. 618 / 1 / 1, 622 / 1, 623, 624 / 1, 760, 761, 763, 764 / 1, 770 / 1 कुल कित्ता 9 रकबा 57 बीघा 9 बिस्वा की गिरदावरी एवं खातेदारी व अधिग्रहण के सम्बन्ध में सूचना चाही गई थी तहसीलदार सिरोही द्वारा संबंधित अपीलांट को जरिये पत्र क्रमांक 1320–21 दिनांक 17.07.2020 द्वारा प्रति पृष्ठ 2 रूपये की दर से राशि राजकोष में 31.07.2020 तक जमा कराने का लिखा गया था किन्तु उनके द्वारा राशि जमा नहीं कराने से चाही गई समस्त सूचना उन्हे निर्धारित समयावधि में उपलब्ध नही कराई गई है। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिरोही को आदेशित किया जाता है कि राशि जमा होने पर अपीलांट को चाही गई समस्त [illegible] नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही [illegible] आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली फैसल [illegible] होकर नंबर से कम हो । (भगवती प्रसाद) जिला कलक्टर, सिरोही	

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal

Date: 2021.01.12 16:50:43 IST

Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner